संख्या:36/2025/571पू0वि0नि0/35-1-2025/35-1099/18/2025

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बहराइच।

नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक: 28.03.2025

विषय: वित्तीय वर्ष 2024-25 में संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल) निधि योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल) विकास निधि निधि योजनान्तर्गत जनपद-बहराइच में निम्नलिखित कार्यों की रू. 1284.71 लाख (रूपए बारह करोड़ चौरासी लाख इकहत्तर हजार मात्र, जी0एस0टी0 सहित) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 642.36 लाख (रूपये छः करोड़ बयालीस लाख छत्तीस हजार मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन निवर्तन पर निम्नांकित विवरण, शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं। इन कार्यों के लिये ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यदायी संस्था होगी:-

(लागत लाख रू. में)

	कार्य का नाम	लम्बाई (मी.)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
1	ग्राम पंचायत शिवपुरी बैरागी के मजरा मोती पुरवा से होते हुए प्रतापपुर तरहर सम्पर्क मार्ग तक पक्की सड़क का नव निर्माण कार्य।	1730	148.96	74.48
2	बहराइच सीतापुर मार्ग (एस०एच०-30बी) के किमी० 13 से निकलकर ग्राम तेजवापुर तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	1870	190.19	95.10
3	ग्रामसभा डल्लापुरवा मुजेहना सम्पर्क मार्ग से गिर्दा तक मार्ग निर्माण।	2058	252.54	126.27
4	विकास खण्ड बलहा अन्तर्गत ग्राम ककरहा बोधवा में बेलहा-बेलहरी तटबन्ध के 02.00 किमी पर स्थित वीर सेन चौधरी स्मृति द्वार से अनन्त राम के घर होते हुए शिव मन्दिर तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य।	500	47.64	23.82
5	विकास खण्ड कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत नकौड़ा में कुण्डासर-हुजूरपुर मार्ग से तिलकपुरवा तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य।	595	47.14	23.57
6	विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत खसहा मोहम्मदपुर में राम गाँव - तमाचपुर रोड के चौथे किमी से खालेपुरवा (ग्रा. पं. मैगला) सम्पर्क मार्ग पर स्थित पुल तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य।	500	47.92	23.96
7	सदर बहराइच मोहल्ला सरस्वती नगर कल्याण के बगल से विनोद श्रीवास्तव के घर से ज्ञानेंद्र शुक्ला के घर तक सी सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य	80	7.52	3.76
8	ग्राम पंचायत रामपुर मजरा दर्जिनपुरवा रामपुर पिपरिया जाने वाले सड़क मार्ग से श्री धर मिश्रा जी के घर तक इण्टरलॉकिंग तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य	120	6.38	3.19
9	ग्राम पंचायत धनावा विकासखंड महसी आनन्द कुमार के घर के पास पुलिया से यज्ञराम के दुकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य	225	12.13	6.07

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

10	ग्राम पंचायत नेजाभार बरगदही विकास खंड विशेश्वरगंज बसनेरा संपर्क मार्ग से नन्हे शुक्ला के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य	385	18.18	9.09
11	विकास खंड फखरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इण्टर लॉकिंग निर्माण कार्य	91	7.01	3.51
12	विकास खंड हुजूरपुर ग्राम सभा पंचायत अब्बो नकहरा में गफार नाऊ के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य	1 अदद	95.27	47.64
13	ब्लॉक तेजवापुर ग्राम सभा मिर्जापुर बहराइच-नानपारा कठाईघाट से तालाब होते हुए रानीपुर गाँव तक सी० सी० रोड का निर्माण	536	79.20	39.60
14	मोहल्ला चॉदमारी में चाँदमारी चौराहा से शिवालय होते हुए चैतूपुरवा में मिठौरी के घर तक सी०सी रोड का निर्माण कार्य।	1400	128.19	64.10
15	मोहल्ला रायपुर राजा में कटी चौराहा के पास पटेल आश्रम से सिद्धनाथ सिंह के मकान तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	320	28.51	14.25
16	वि0 ख0 मिहींपुरवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत ककरहा में प्रा० वि० से कुंदन पाल के घर तक सी० सी० रोड निर्माण कार्य।	440	40.28	20.14
17	वि०ख० मिहींपुरवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत झाला में माखन जायसवाल जी की दुकान से इंदल बहेलिया के खेत तक सी० सी० रोड निर्माण कार्य।	480	39.71	19.85
18	वि० ख० मिहींपुरवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुडवा में अधिवक्ता मदन गोपाल वर्मा जी के घर से दिनेश लोधी के खेत तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य।	500	40.91	20.45
19	ग्राम पंचायत सिंगाही में ब्रह्मचारी स्थान से जोगिन पुरवा तक सी०सी० रोड निमार्ण कार्य	240	23.36	11.68
20	ग्राम पंचायत कन्दैला में रज्जब अली के घर से साजिद के घर होते हुए परवेज के घर तक सी०सी० रोड़ निमार्ण कार्य	310	23.67	11.83
	योग	**12380**	**1284.71**	**642.36**

1. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।
2. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।
3. निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी। सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही निर्माण प्रारम्भ कराया जायेगा।
4. समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
5. परियोजना की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना हेतु जनपद स्तर पर कार्यकारी निर्गत करने जिसे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना / कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
6. कार्य का निर्माण,लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा।कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण कर लिया जाये तथा भविष्य में प्रायोजना का कोई पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा। कार्य के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन जैसे मार्ग की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि व्यय वित्त समिति का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

7. परियोजना की लागत को निविदा में प्राप्त मूल्य (टेण्डर कॉस्ट) के अनुसार विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए पुनरीक्षित करा लिया जायेगा। परियोजना की अनुवर्ती किश्तें पुनरीक्षित लागत के आधार पर ही जारी की की जायेंगी, ताकि कार्य की वास्तविक लागत से अधिक धनराशि अवमुक्त न हो सके। यदि निविदा के बाद कार्यों की लागत में कमी आती है तो बचत की धनराशि को सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत राजकोष में में जमा किया जायेगा।
8. प्रायोजनान्तर्गत 18 प्रतिशत की दर से जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मिलित की गयी है। प्रायोजनान्तर्गत विभिन्न कार्यमदों से सम्बन्धित सामग्री की लागत प्रायोजना में उपभोग (CONSUMED) की गयी सामग्री यथा-सीमेन्ट, स्टील इत्यादि की मात्राओं का अनुपातिक मिलान करते हुए जी0एस0टी0 भुगतान किया जाये।
9. कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की जायेगी। व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी का होगा और उनके द्वारा स्वीकृत कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति का विवरण नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
10. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों,समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
11. संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल/बुन्देलखण्ड) निधि योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित शासनादेश संख्या-1337/35-5-2002-8/74/2000-170 दिनांक 19 सितम्बर, 2002 एवं संशोधत मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित शासनादेश संख्या-11/2022/1115/717/35-1-2022 35-4-2018 दिनांक 09 नवम्बर, 2022 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
12. प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार किये जायेंगे।
13. ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या–1107/78-2-2017-42आईटी /2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
14. जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्य हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।
15. अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
16. परियोजनाओं के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।
17. स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।
18. स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में दिनांक 31 मार्च,2025 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे दिनांक 31 मार्च, 2025 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा नियोजन अनुभाग-1 को दिनांक 31 मार्च, 2025 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
19. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2025 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा ।
20. कार्य स्थल पर संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल) निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ-साथ मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे। जायेंगे।
21. जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।
22. कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

23. यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।
24. अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।
25. कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के नियमानुसार सम्बंधित प्रशासकीय विभाग को किया जायेगा। संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल) निधि योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।
26. प्रश्नगत कार्य के लिये नियमानुसार 1 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्तधनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रू. 6,42,36,000/- (रूपये छः करोड़ बयालीस लाख छत्तीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 040 **लेखाशीर्षक** 4575608000300 पूर्वांचल की विशेष योजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव।

संख्या:36/2025/571पू0वि0नि0(1)/35-1-2025/35-1099/18/2025तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, देवीपाटन।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0।
9- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, बहराइच।
10- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
11- सम्बन्धित संयुक्त निदेशक, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन,नियोजन विभाग।
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, बहराइच।
13- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, बहराइच।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से
राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।